**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1626**
**29 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए**

**राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन**

**1626. श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री बिद्युत बरन महतो:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री प्रतापराव जाधवः**
**श्री सुब्रत पाठक:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री रविन्दर कुशवाहा:**
**श्री रवि किशन:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन तथा कई डिजिटल पहलों की हाल में शहरी शासन में व्यापक परिवर्तन हेतु शुरूआत की गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इन डिजिटल पहलों के उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) ये पहल किस प्रकार देश में सभी शहरी स्थानीय निकायों की सहायता करेगी तथा सभी नागरिकों की सेवा का वादा पूरा करेगी;

(घ) क्या स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत बड़ी संख्या में परियोजनाएं अपनी समय-सीमा के अनुसार कार्य नहीं कर रही हैं तथा उनकी मंजूर की गई लागत बढ़ गई हैं;

(ङ) यदि हां, तो नगर-वार ऐसी विभिन्न परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(च) इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (ग): जी, हां। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा हाल ही में शहरी शासन में परिवर्तन हेतु, अन्य पहलों जिनमें इंडिया अर्बन डेटा एक्सचेंज (आईयूडीएक्स)**,** स्मार्टकोड प्लेटफॉर्म**,** और सिटी इनोवेशन एक्सचेंज (सीआईएक्स) शामिल हैं, के साथ-साथ राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) की शुरूआत की गई है। इन पहलों के उद्देश्य और अपेक्षित प्रदेय **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

(घ) से (च): जी, नहीं। भारत सरकार ने 100 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) का शुभारंभ किया है। जनवरी, 2016 से जून, 2018 तक चयन के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन पूरा किया गया है। शहरों ने एससीएम के तहत अपने चयन होने के बाद से काफी प्रगति दिखाई है। दिनांक 9 जुलाई 2021 तक, इन शहरों ने 1,80,873 करोड़ रुपये की 6,017 परियोजनाओं की निविदा दी है; जिसमें से 1,49,251 करोड़ रुपये की 5,375 परियोजनाओं में कार्यादेश जारी किए गए हैं; इनमें से 48,150 करोड़ रुपये की 2,781 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। पिछले तीन वर्षों में निविदा दी गई परियोजनाओं में 260% से अधिक की वृद्धि हुई है और शुरू की गई/पूर्ण हुई परियोजनाओं में 380% से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत सरकार ने केंद्रीय अंश के रूप में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 23,925.83 करोड़ रुपये जारी किए हैं**,** जिसमें से 20,410.14 करोड़ रुपये (85%) का स्मार्ट शहरों द्वारा उपयोग कर लिया गया है। स्मार्ट सिटीज से अपने चयन की तिथि से 5 साल के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की उम्मीद है। परियोजनाओं की स्मार्ट सिटी-वार स्थिति **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

****

**राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के संबंध में दिनांक 29.07.2021 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1626 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

## डिजिटल मिशनों के उद्देश्य और अपेक्षित प्रदेय

| शहरी डिजिटल मिशन | उद्देश्य | अपेक्षित प्रदेय |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन | आईटी और संबंधित प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर और 'नागरिक केंद्रित' दृष्टिकोण अपना कर मौजूदा शहरी पारिस्थितिकी तंत्र की सहायता करते हुए हमारे शहरों और कस्बों में जीवन सुगमता को बढ़ावा देना। | • नगरपालिका अनुप्रयोगों के लिए ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म लॉन्च ।<br>• पायलट राज्यों में ई-गवर्नेंस डिजिटल प्लेटफॉर्म का संचालन ।<br>• नागरिकों के बीच ई-गवर्नेंस सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को ऑनबोर्ड करना।<br>• शहरों में ई-गवर्नेंस समाधान लागू करना।<br>• राज्य स्तरीय भागीदारों को पैनलबद्ध करना।<br>• सेवा वितरण में एकरूपता लाने के लिए नगरपालिका सेवाओं के लिए मानकों का विकास और प्रकाशन।<br>• ई-गवर्नेंस के लिए दृश्यता बनाने के लिए राष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन करना।<br>• साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने की कमी, पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के बीच सूचना विषमता जैसी प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए क्षमता निर्माण करना। |
| इंडिया अर्बन डेटा एक्सचेंज | शहर के संचालन में सुधार लाने के लिए एक खुले स्रोत डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग द्वारा तथा डेटा की शक्ति को अनलॉक करके जटिल शहरी मुद्दों को हल करने के लिए नवाचार अनुप्रयोगों के विकास द्वारा विभिन्न हितधारकों जैसे सरकार, उद्योग-जगत, अकादमिक संसार, नागरिक समुदाय, स्टार्ट-अप इत्यादि के बीच सुरक्षित डेटा-एक्सचेंज को सक्षम बनाना है। | • शहरों में प्रसारण हेतु उत्पादन के लिए तैयार डिजिटल प्लेटफॉर्म का विकास।<br>• शहरी हितधारकों के बीच डेटा साझा करने के लिए स्मार्ट सिटी में परिनियोजन।<br>• उद्योग भागीदारों और स्टार्ट-अप के व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र से शहर के अनुप्रयोगों के विकास को सक्षम बनाना।<br>• डेटा प्रबंधन खोलना।<br>• मानकों के साथ सामंजस्य बिठाना। |
| स्मार्टकोड प्लेटफॉर्म | शहरों की स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कई डिजिटल उत्पादों और अनुप्रयोगों के स्रोत कोड के साझाकरण, पुन: उपयोग और | • कस्टम विकसित स्रोत कोड को सरकारी रिपॉजिटरी में मुफ्त में संग्रहित करना और पुन: उपयोग और साझाकरण को बढ़ावा देने की अनुमति |

| | | |
|---|---|---|
| | अनुकूलन को बढ़ावा देना।<br><br>भागीदारी और पहुंच की बाधाओं को कम करना, शहरों के लिए पहले से विकसित कोड का उपयोग करके शहरी चुनौतियों को गति और पैमाने पर हल करना संभव बनाना। | देना।<br>• नए नवोन्मेषी अनुप्रयोगों के निर्माण के लिए सरकारी विभागों/एजेंसियों और निजी संगठनों, नागरिकों और विकासकर्ताओं के बीच सहयोगात्मक विकास। |
| सिटी इनोवेशन एक्सचेंज | एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करना जो सह-समाधान बनाने के लिए शहरी समाधानों पर काम करने वाले नवप्रवर्तकों और स्टार्ट-अप संगठनों की खोज करने में शहर के प्रशासकों की मदद करता है।<br><br>मंच की परिकल्पना शहरी स्थानीय निकायों द्वारा खरीद में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता लाने के लिए की गई है। | • शहरों में नवोन्मेषी समाधानों को शुरू करने और हासिल करने के लिए प्रक्रिया को संस्थागत बनाना।<br>• शहरी-केंद्रित चुनौतियों को हल करने के लिए और शहरों द्वारा चुनाव करने हेतु शहरी-केंद्रित स्टार्ट-अप और समाधानों को आकर्षित करना।<br>• प्रयोगशालाओं से वास्तविक दुनिया के शहरी वातावरण में विचारों का अंतरण करना।<br>• शहरों में निवेश आकर्षित करना।<br>• राष्ट्रीय और राज्य स्तर के नवाचार कार्यक्रमों के लिए शहर स्तर पर सम्मिलन बिंदु के रूप में कार्य करना। |

**राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2021 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1626 के भाग (घ) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-।।**

## स्मार्ट सिटीज परियोजनाओं की राज्य-वार/शहर-वार स्मार्ट प्रगति

(राशि करोड़ रूपए में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्मार्ट सिटी | चयन का दौर | निविदा चरण | | कार्य आदेश का चरण | | पूर्ण कार्य | | कुल परियोजनाएं | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | | |
| **अंडमान निकोबार द्वीपसमूह** | | **5** | **404.09** | **4** | **23.15** | **4** | **16.35** | **13** | **443.59** |
| पोर्ट ब्लेयर | फास्ट ट्रैक (एफटी) | 5 | 404.09 | 4 | 23.15 | 4 | 16.35 | 13 | 443.59 |
| **आंध्र प्रदेश** | | **4** | **74.20** | **117** | **5907.46** | **130** | **1759.17** | **251** | **7740.83** |
| अमरावती | 3 | 0 | 0.00 | 21 | 2046.00 | 0 | 0.00 | 21 | 2046 |
| काकीनाडा | 1 | 3 | 22.20 | 38 | 1004.56 | 55 | 911.85 | 96 | 1938.61 |
| तिरुपति | 2 | 0 | 0.00 | 40 | 1478.42 | 32 | 201.00 | 72 | 1679.42 |
| विशाखापत्तनम | 1 | 1 | 52.00 | 18 | 1378.48 | 43 | 646.32 | 62 | 2076.8 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | | **4** | **131.88** | **12** | **89.70** | **11** | **190.98** | **27** | **412.56** |
| ईटानगर | 4 | 1 | 19.52 | 4 | 74.73 | 4 | 96.67 | 9 | 190.92 |
| पासीघाट | 3 | 3 | 112.36 | 8 | 14.97 | 7 | 94.31 | 18 | 221.64 |
| **असम** | | **4** | **500.19** | **3** | **102.62** | **3** | **7.92** | **10** | **610.73** |
| गुवाहाटी | 1 | 4 | 500.19 | 3 | 102.62 | 3 | 7.92 | 10 | 610.73 |
| **बिहार** | | **31** | **2042.74** | **50** | **1612.05** | **37** | **1204.96** | **118** | **4859.75** |
| भागलपुर | एफटी | 4 | 964.70 | 6 | 278.83 | 0 | 0.00 | 10 | 1243.53 |
| बिहारशरीफ | 4 | 5 | 577.25 | 15 | 225.18 | 25 | 523.99 | 45 | 1326.42 |
| मुजफ्फरपुर | 3 | 13 | 179.27 | 10 | 155.43 | 0 | 0.00 | 23 | 334.7 |
| पटना | 3 | 9 | 321.52 | 19 | 952.61 | 12 | 680.97 | 40 | 1955.1 |
| **चंडीगढ़** | | **8** | **15.03** | **40** | **1798.68** | **29** | **305.20** | **77** | **2118.91** |
| चंडीगढ़ | एफटी | 8 | 15.03 | 40 | 1798.68 | 29 | 305.20 | 77 | 2118.91 |
| **छत्तीसगढ** | | **36** | **843.10** | **140** | **1835.88** | **110** | **752.57** | **286** | **3431.55** |
| अटल नगर | 3 | 2 | 22.23 | 12 | 169.82 | 2 | 163.91 | 16 | 355.96 |
| बिलासपुर | 3 | 10 | 122.65 | 31 | 1271.17 | 17 | 111.48 | 58 | 1505.3 |
| रायपुर | एफटी | 24 | 698.22 | 97 | 394.89 | 91 | 477.18 | 212 | 1570.29 |
| **दादरा और नगर हवेली** | | **35** | **547.57** | **4** | **175.13** | **2** | **10.90** | **41** | **733.6** |
| सिल्वासा | 4 | 35 | 547.57 | 4 | 175.13 | 2 | 10.90 | 41 | 733.6 |
| **दमन और दीव** | | **18** | **589.91** | **18** | **138.68** | **6** | **41.83** | **42** | **770.42** |
| दीव | 4 | 18 | 589.91 | 18 | 138.68 | 6 | 41.83 | 42 | 770.42 |
| **दिल्ली** | | **6** | **152.00** | **6** | **417.72** | **88** | **582.35** | **100** | **1152.07** |
| एनडीएमसी | 1 | 6 | 152.00 | 6 | 417.72 | 88 | 582.35 | 100 | 1152.07 |
| **गोवा** | | **2** | **40.01** | **7** | **329.98** | **10** | **16.15** | **19** | **386.14** |
| पणजी | फास्ट ट्रैक (एफटी) | 2 | 40.01 | 7 | 329.98 | 10 | 16.15 | 19 | 386.14 |
| **गुजरात** | | **31** | **3020.51** | **95** | **9063.25** | **184** | **4736.09** | **310** | **16819.85** |
| अहमदाबाद | 1 | 1 | 489.00 | 22 | 3853.54 | 47 | 1459.90 | 70 | 5802.44 |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्मार्ट सिटी | चयन का दौर | निविदा चरण | | कार्य आदेश का चरण | | पूर्ण कार्य | | कुल परियोजनाएं | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | | |
| दाहोद | 3 | 9 | 370.33 | 14 | 558.64 | 11 | 64.02 | 34 | 992.99 |
| गांधीनगर | 3 | 6 | 102.63 | 13 | 849.53 | 11 | 230.56 | 30 | 1182.72 |
| राजकोट | 3 | 8 | 1466.33 | 17 | 1459.69 | 11 | 100.28 | 36 | 3026.3 |
| सूरत | 1 | 5 | 512.22 | 13 | 1156.23 | 68 | 1958.15 | 86 | 3626.6 |
| वडोदरा | 2 | 2 | 80.00 | 16 | 1185.62 | 36 | 923.18 | 54 | 2188.8 |
| **हरियाणा** | | **11** | **458.87** | **40** | **697.58** | **21** | **265.58** | **72** | **1422.03** |
| फरीदाबाद | एफटी | 4 | 32.98 | 13 | 459.86 | 6 | 164.38 | 23 | 657.22 |
| करनाल | 3 | 7 | 425.89 | 27 | 237.72 | 15 | 101.20 | 49 | 764.81 |
| **हिमाचल प्रदेश** | | **22** | **299.08** | **76** | **395.85** | **30** | **234.48** | **128** | **929.41** |
| धर्मशाला | एफटी | 4 | 41.95 | 12 | 129.89 | 8 | 84.76 | 24 | 256.6 |
| शिमला | 3 | 18 | 257.13 | 64 | 265.96 | 22 | 149.72 | 104 | 672.81 |
| **जम्मू और कश्मीर** | | **15** | **347.54** | **49** | **1214.94** | **58** | **1299.12** | **122** | **2861.6** |
| जम्मू | 3 | 15 | 347.54 | 15 | 594.17 | 18 | 448.21 | 48 | 1389.92 |
| श्रीनगर | 3 | 0 | 0.00 | 34 | 620.77 | 40 | 850.91 | 74 | 1471.68 |
| **झारखंड** | | **1** | **586.46** | **21** | **2021.71** | **5** | **413.40** | **27** | **3021.57** |
| रांची | एफटी | 1 | 586.46 | 21 | 2021.71 | 5 | 413.40 | 27 | 3021.57 |
| **कर्नाटक** | | **31** | **1799.61** | **337** | **11109.50** | **449** | **4255.34** | **817** | **17164.45** |
| बेलगावी | 1 | 11 | 660.40 | 75 | 1976.03 | 130 | 1297.51 | 216 | 3933.94 |
| बेंगलुरु | 3 | 2 | 31.87 | 35 | 1736.30 | 5 | 35.70 | 42 | 1803.87 |
| दावनगेरे | 1 | 6 | 45.25 | 61 | 1610.34 | 39 | 211.60 | 106 | 1867.19 |
| हुब्बली-धारवाड़ | 2 | 2 | 152.31 | 36 | 1855.87 | 36 | 777.36 | 74 | 2785.54 |
| मंगलुरु | 2 | 2 | 515.54 | 40 | 2087.01 | 39 | 332.14 | 81 | 2934.69 |
| शिवमोगा | 2 | 3 | 263.00 | 37 | 1006.55 | 59 | 331.12 | 99 | 1600.67 |
| तुमकुरु | 2 | 5 | 131.24 | 53 | 837.40 | 141 | 1269.91 | 199 | 2238.55 |
| **केरल** | | **8** | **133.53** | **64** | **1995.12** | **39** | **874.11** | **111** | **3002.76** |
| कोच्चि | 1 | 7 | 130.15 | 34 | 1027.01 | 21 | 598.94 | 62 | 1756.1 |
| तिरुवनंतपुरम | 3 | 1 | 3.38 | 30 | 968.11 | 18 | 275.17 | 49 | 1246.66 |
| **लक्षद्वीप** | | **2** | **108.32** | **6** | **24.13** | **4** | **3.99** | **12** | **136.44** |
| कवरत्ती | 4 | 2 | 108.32 | 6 | 24.13 | 4 | 3.99 | 12 | 136.44 |
| **मध्य प्रदेश** | | **100** | **5890.67** | **231** | **11110.54** | **419** | **7601.37** | **750** | **24602.58** |
| भोपाल | 1 | 8 | 3492.74 | 33 | 889.24 | 57 | 2433.24 | 98 | 6815.22 |
| ग्वालियर | 2 | 20 | 808.90 | 28 | 1043.11 | 27 | 492.27 | 75 | 2344.28 |
| इंदौर | 1 | 24 | 448.37 | 30 | 3642.83 | 223 | 3438.26 | 277 | 7529.46 |
| जबलपुर | 1 | 7 | 212.84 | 53 | 2556.05 | 52 | 495.06 | 112 | 3263.95 |
| सागर | 3 | 20 | 296.22 | 28 | 1321.15 | 18 | 99.70 | 66 | 1717.07 |
| सतना | 3 | 12 | 365.05 | 25 | 496.04 | 18 | 247.31 | 55 | 1108.4 |
| उज्जैन | 2 | 9 | 266.55 | 34 | 1162.12 | 24 | 395.53 | 67 | 1824.2 |
| **महाराष्ट्र** | | **42** | **6156.67** | **112** | **13402.39** | **128** | **3471.34** | **282** | **23030.4** |
| औरंगाबाद | 2 | 5 | 27.04 | 10 | 283.52 | 12 | 441.47 | 27 | 752.03 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 2 | 3 | 155.01 | 13 | 1395.48 | 3 | 4.66 | 19 | 1555.1 |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्मार्ट सिटी | चयन का दौर | निविदा चरण | | कार्य आदेश का चरण | | पूर्ण कार्य | | कुल परियोजनाएं | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | | |
| | | | | | | | | | 5 |
| नागपुर | 2 | 4 | 2242.25 | 4 | 884.62 | 3 | 994.41 | 11 | 4121.28 |
| नासिक | 2 | 2 | 274.50 | 18 | 2125.75 | 26 | 649.22 | 46 | 3049.47 |
| पिंपरी-चिंचवड | 3 | 2 | 83.00 | 12 | 1280.01 | 9 | 104.66 | 23 | 1467.67 |
| पुणे | 1 | 12 | 2139.82 | 22 | 969.86 | 27 | 837.85 | 61 | 3947.53 |
| सोलापुर | 1 | 13 | 996.05 | 13 | 712.91 | 28 | 325.84 | 54 | 2034.8 |
| थाइन | 2 | 1 | 239.00 | 20 | 5750.24 | 20 | 113.23 | 41 | 6102.47 |
| **मणिपुर** | | **0** | **0.00** | **6** | **359.39** | **1** | **120.00** | **7** | **479.39** |
| इंफाल | एफटी | 0 | 0.00 | 6 | 359.39 | 1 | 120.00 | 7 | 479.39 |
| **मेघालय** | | **5** | **195.48** | **7** | **172.94** | 0 | 0.00 | **12** | **368.42** |
| शिलांग | 4 | 5 | 195.48 | 7 | 172.94 | 0 | 0.00 | 12 | 368.42 |
| **मिजोरम** | | **11** | **55.38** | **14** | **234.02** | **6** | **78.26** | **31** | **367.66** |
| आइजोल | 3 | 11 | 55.38 | 14 | 234.02 | 6 | 78.26 | 31 | 367.66 |
| नागालैंड | | 0 | 0.00 | **6** | **123.03** | **14** | **286.31** | **20** | **409.34** |
| कोहिमा | 2 | 0 | 0.00 | 6 | 123.03 | 14 | 286.31 | 20 | 409.34 |
| **ओडिशा** | | **14** | **1643.00** | **30** | **2361.49** | **24** | **908.96** | **68** | **4913.45** |
| भुवनेश्वर | 1 | 3 | 1208.32 | 10 | 1463.95 | 15 | 866.67 | 28 | 3538.94 |
| राउरकेला | 2 | 11 | 434.68 | 20 | 897.54 | 9 | 42.29 | 40 | 1374.51 |
| **पुदुचेरी** | | **18** | **90.91** | **30** | **115.81** | **2** | **13.50** | **50** | **220.22** |
| पुदुचेरी | 3 | 18 | 90.91 | 30 | 115.81 | 2 | 13.50 | 50 | 220.22 |
| **पंजाब** | | **27** | **827.03** | **63** | **3931.21** | **41** | **330.56** | **131** | **5088.8** |
| अमृतसर | 2 | 7 | 268.45 | 19 | 1915.16 | 14 | 169.16 | 40 | 2352.77 |
| जालंधर | 2 | 13 | 374.81 | 21 | 1053.87 | 10 | 40.86 | 44 | 1469.54 |
| लुधियाना | 1 | 7 | 183.77 | 23 | 962.18 | 17 | 120.54 | 47 | 1266.49 |
| **राजस्थान** | | **34** | **621.76** | **203** | **4838.37** | **275** | **3618.00** | **512** | **9078.13** |
| अजमेर | 2 | 0 | 0.00 | 69 | 1324.90 | 101 | 713.75 | 170 | 2038.65 |
| जयपुर | 1 | 17 | 452.56 | 79 | 1409.16 | 43 | 1222.89 | 139 | 3084.61 |
| कोटा | 2 | 6 | 39.73 | 24 | 1178.20 | 42 | 896.35 | 72 | 2114.28 |
| उदयपुर | 1 | 11 | 129.47 | 31 | 926.11 | 89 | 785.01 | 131 | 1840.59 |
| **सिक्किम** | | **3** | **72.25** | **19** | **1096.69** | **9** | **302.75** | **31** | **1471.69** |
| गंगटोक | 3 | 2 | 64.25 | 9 | 710.78 | 4 | 134.67 | 15 | 909.7 |
| नामचि | 2 | 1 | 8.00 | 10 | 385.91 | 5 | 168.08 | 16 | 561.99 |
| **तमिलनाडु** | | **13** | **332.78** | **372** | **13114.16** | **239** | **4143.30** | **624** | **17590.24** |
| चेन्नई | 1 | 1 | 41.92 | 7 | 317.44 | 37 | 599.64 | 45 | 959 |
| कोयंबटूर | 1 | 0 | 0.00 | 17 | 819.58 | 56 | 322.62 | 73 | 1142.2 |
| खत्म | 4 | 0 | 0.00 | 27 | 695.13 | 16 | 616.81 | 43 | 1311.94 |
| मदुरै | 2 | 0 | 0.00 | 12 | 1850.13 | 2 | 42.25 | 14 | 1892.38 |
| सलेम | 2 | 0 | 0.00 | 35 | 737.30 | 55 | 1336.68 | 90 | 2073.98 |
| तंजावुरी | 2 | 3 | 29.72 | 71 | 896.01 | 16 | 86.69 | 90 | 1012.42 |
| थूथुकुडी | 3 | 1 | 120.53 | 50 | 913.71 | 16 | 13.57 | 67 | 1047.81 |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्मार्ट सिटी | चयन का दौर | निविदा चरण | | कार्य आदेश का चरण | | पूर्ण कार्य | | कुल परियोजनाएं | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | | |
| तिरुचिरापल्ली | 3 | 6 | 74.81 | 57 | 1365.30 | 11 | 70.21 | 74 | 1510.32 |
| तिरुनेलवेली | 3 | 0 | 0.00 | 52 | 1349.57 | 14 | 317.18 | 66 | 1666.75 |
| तिरुपूर | 3 | 0 | 0.00 | 19 | 2500.60 | 7 | 379.38 | 26 | 2879.98 |
| वेल्लोर | 2 | 2 | 65.80 | 25 | 1669.39 | 9 | 358.27 | 36 | 2093.46 |
| **तेलंगाना** | | **16** | **409.47** | **47** | **1014.02** | **20** | **645.09** | **83** | **2068.58** |
| ग्रेटर वारंगल | एफटी | 16 | 409.47 | 36 | 555.17 | 13 | 579.71 | 65 | 1544.35 |
| करीमनगर | 3 | 0 | 0.00 | 11 | 458.85 | 7 | 65.38 | 18 | 524.23 |
| **त्रिपुरा** | | **3** | **572.99** | **38** | **809.50** | **40** | **177.03** | **81** | **1559.52** |
| अगरतला | एफटी | 3 | 572.99 | 38 | 809.50 | 40 | 177.03 | 81 | 1559.52 |
| **उत्तर प्रदेश** | | **78** | **2414.14** | **243** | **8118.12** | **261** | **8911.74** | **582** | **19444** |
| आगरा | 2 | 0 | 0.00 | 18 | 835.29 | 41 | 1533.61 | 59 | 2368.9 |
| अलीगढ़ | 3 | 4 | 105.24 | 21 | 1031.25 | 18 | 445.57 | 43 | 1582.06 |
| बरेली | 4 | 15 | 232.68 | 30 | 875.22 | 19 | 115.35 | 64 | 1223.25 |
| झांसी | 3 | 22 | 440.00 | 26 | 751.16 | 19 | 562.04 | 67 | 1753.2 |
| कानपुर | 2 | 3 | 246.26 | 22 | 2195.23 | 17 | 985.47 | 42 | 3426.96 |
| लखनऊ | एफटी | 8 | 243.74 | 24 | 732.38 | 41 | 1065.24 | 73 | 2041.36 |
| मुरादाबाद | 4 | 4 | 260.70 | 14 | 172.82 | 3 | 570.86 | 21 | 1004.38 |
| प्रयागराज | 3 | 14 | 332.03 | 50 | 357.46 | 25 | 1185.14 | 89 | 1874.63 |
| सहारनपुर | 4 | 6 | 394.62 | 13 | 516.31 | 5 | 44.68 | 24 | 955.61 |
| वाराणसी | 2 | 2 | 158.87 | 25 | 651.00 | 73 | 2403.78 | 100 | 3213.65 |
| **उत्तराखंड** | | **0** | **0.00** | **21** | **1033.35** | **18** | **500.71** | **39** | **1534.06** |
| देहरादून | 3 | 0 | 0.00 | 21 | 1033.35 | 18 | 500.71 | 39 | 1534.06 |
| **पश्चिम बंगाल** | | **4** | **244.81** | **63** | **312.56** | **64** | **70.98** | **131** | **628.35** |
| न्यू टाउन कोलकाता | एफटी | 4 | 244.81 | 63 | 312.56 | 64 | 70.98 | 131 | 628.35 |
| **सकल योग** | | **642** | **31,621.98** | **2,594** | **1,01,100.72** | **2,781** | **48,150.39** | **6,017** | **1,80,873.09** |

**(स्रोत: दिनांक 9 जुलाई, 2021 के अनुसार एससीएम भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन प्रणाली)**